Title: Need to take action against persons indulging in making of fake certificates and degrees in the country.

श्री जयवंत गंगाराम आवले (लातूर): अध्यक्ष महोदया, देश में शिक्षा-माफियाओं का जाल फैलता जा रहा है। फर्जी-नकली सर्टीफिकेट और डिग्रियां बेची जा रही हैं, जिसके कारण शिक्षा का स्तर दिन प्रति दिन गिरता जा रहा है। फर्जी, नकली सर्टीफिकेट बनाने वाले गिरोह पूरे देश में फैल गए हैं। ज्यादातर उत्तर प्रदेश के मेरठ में तो इसका गढ़ है। देश में आतंकवाद से बड़ा खतरा, तो फर्जी-नकली सर्टीफिकेट बनाने वाले गिरोहों का है, जो हमारी शिक्षा और हमारे दायित्व को समाप्त कर रहे हैं। ये नकली सर्टीफिकेट बनाने वाले इस तरह से सर्टीफिकेट बनाते हैं कि असली और नकली की पहचान भी आसानी से नहीं की जा सकती है। इसके कारण आम जनता में जनाक्रोश है, क्योंकि फर्जी सर्टीफिकेट के आधार पर कुछ लोग आसानी से नौकरी पा लेते हैं और मेहनती तथा ईमानदार बच्चे का भविष्य खतरे में पड़ जाता है। अतः मेरी सरकार से मांग है कि जनहित में फर्जी सर्टीफिकेट और डिग्री बनाने वाल गिरोहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसे रोकने के लिए स्मार्ट कार्ड देने की व्यवस्था हो। धन्यवाद।

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 2.00 p.m.

_

13.02 hrs.

The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fourteen of the Clock.

14.04 hrs.

The Lok Sabha reassembled after lunch at Four Minutes past Fourteenth of the Clock

(Mr. Deputy Speaker in the Chair)

_